Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to reopen Bheemapar level crossing in Siddharthnagar district, Uttar Pradesh and also construct an underbridge near the level crossing-laid.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): हमारे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर के भीमापार रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर ओवर ब्रिज का निर्माण होने के बाद रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया । जिसके कारण दर्जनों गांवों का आवागमन बंद हो गया है उनको कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है इस समस्या को लेकर सैकडो लोग धरने पर बैठ रहे है । ग्रामीणों को NH 233 के ओवर ब्रिज का प्रयोग करना पड़ता है और इसके परिणामस्वरूप लोगों को कई परिवहन और यातायात समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । इसके अलावा, नजदीकी डॉक्टर और अन्य सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच पाना लोगों के लिए एक समस्या बन गई है। मैं भारत सरकार से इस गंभीर समस्या को देखते हुए रेलवे क्रॉसिंग को फिर से खोलने और साथ ही साथ यहाँ पर एक रेलवे अंडर ब्रिज (RUB) बनाने की मांग करता हूँ जिससे यहाँ लोगों की समस्याओं का एक स्थायी निराकरण किया जा सके ।